GOVERNMENT OF HARYANA / हरियाणा सरकार

Directorate School Education
विद्यालय शिक्षा निदेशालय

शिक्षा, संस्कृति एवं विकास
Education, Culture and Development
तमसो मा ज्योतिर्गमय
Lead me from Darkness to Light

Off.: Shiksha Sadan, Sector 5, Panchkula, Haryana 134109 (India) - Tel: 91(0172)-2560246 Fax: 91(0172)-2560253
कार्यालय: शिक्षा सदन, सैक्टर 5 पंचकुला–134109 (भारत) दूरभाष : 91 (0172) 2560246 फैक्स: 91 (0172) 2560253
e-mail: edusecondaryhry@gmail.com - site: www.schooleducationharyana.gov.in

सेवा में,

राज्य के सभी,
जिला शिक्षा अधिकारी।
यादी क्रमांकः– 2/7-2022 ACD (7)
दिनांकः– 16.11.2022

विषयः– **जिला स्तरीय विंटर एडवेंचर फेस्टिवल हेतु विद्यार्थियों तथा Escort Teachers के चयन हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि बढ़ाने तथा वीडियो कांफ्रेस के सन्दर्भ में।**

******

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में विभाग के संज्ञान में आया है कि विभाग द्वारा समय–समय Adventure Festival के लिए आवेदन हेतु सभी जानकारियां, दिशानिर्देश जारी करने के बाद भी खण्डवार जितने विद्यार्थियों (छात्र तथा छात्राओं) तथा Escort Teachers (अध्यापक/अध्यापिकाओं) का चयन किया जाना था, अभी तक नहीं हुआ है जोकि खेद का विषय है। अतः कार्य की गम्भीरता तथा समय की कमी को देखते हुए दो दिनों अर्थात **दिनांक 18.11.2022 को रात्रि 11:59 तक** आवेदन हेतु समय बढ़ाया जा रहा है।

इसी सन्दर्भ में श्रीमती अमृता, सिंह, माननीया अतिरिक्त निदेशक (मिड–डे–मील) मौलिक शिक्षा महोदया की अध्यक्षता में निम्न अनुसार Video Conference का आयोजन किया जाना हैः–

तिथि एवं समय	प्रतिभागी	माध्यम
17.11.2022 (वीरवार) को बाद दोपहर 2:30	राज्य के सभी DEO, BEO तथा उपरोक्त कार्यक्रम हेतु नामित किये गये नोडल अधिकारी	वीडियो कांफ्रेस

आपसे आग्रह किया जाता है कि निम्न बिन्दुओं पर सूचना के साथ, उपरोक्तानुसार वीडियो कांफ्रेस में शामिल होना सुनिश्चित करेंः–

1. 9वीं से 12वीं कक्षा तक कक्षावार आवेदन करने वाले छात्रों एवं छात्राओं की खण्डवार सूची।
2. आवेदन करने वाले Escorts Teacher (अध्यापक/अध्यापिकाओं) की खण्डवार सूची।

इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा
हरियाणा पंचकूला

पृष्ठांकन क्रमांक समः **दिनांक, पंचकूला 16.11.2022**

इसकी एक प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. वरिष्ठ सचिव/माननीय अतिरिक्त मुख्य सचिव, विद्यालय शिक्षा हरियाणा, चण्डीगढ़।
2. निजी सहायक/माननीय निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
3. निजी सहायक/माननीय निदेशक मौलिक शिक्षा हरियाणा, पंचकूला।
4. निजी सहायक/माननीया अतिरिक्त निदेशक (मिड–डे–मील) मौलिक शिक्षा, हरियाणा, पंचकूला।
5. उप निदेशक, आई.टी. सैल को उपरोक्त वीडियो कांफ्रेस के लिये प्रबन्ध करने तथा उपरोक्तनुसार तिथि बढ़ाने हेतु उक्त पत्र विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने के निवेदनार्थ।

सहायक निदेशक (शैक्षणिक)
कृतेः निदेशक सैकेण्डरी शिक्षा
हरियाणा पंचकूला